कांग्रेस में वार्ड-पंचायत कमेटियां होंगी सबसे सशक्त : मधुराज

नवभारत न्यूज

मुरैना, 3 सितंबर । जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में वोट चोर, गद्दी छोड़ सत्याग्रह का आयोजन बुधवार को किया गया। यह सत्याग्रह स्थानीय गांधी बाल निकेतन में हुआ। जिसमें संगठन के सह प्रभारी राहुल शर्मा मुख्य रूप से मौजूद थे। अध्यक्षता ग्रामीण जिलाध्यक्ष मधुराज तोमर एवं शहर जिलाध्यक्ष ने संयुक्त रूप से की।

सत्याग्रह कार्यक्रम में ग्रामीण जिलाध्यक्ष मधुराज सिंह तोमर ने कहा कि संगठन ने दूसरी बार जिलाध्यक्ष का दायित्व सौंपकर जो भरोसा जताया है। वे 2028 में

कांग्रेस के वोट चोर, गद्दी छोड़ सत्याग्रह में जिलाध्यक्ष ने कहा

जिले की सभी सीटों पर कांग्रेस का परचम लहराकर उसे पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत कमेटी और शहरी क्षेत्रों में वार्ड कमेटियों का गठन किया जाएगा। यह कमेटियां संगठन में सबसे सशक्त होंगी। उन्होंने कहा कि 30 सितंबर तक ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा कर दी जाएगी। सह प्रभारी राहुल शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता अपनी बात वरिष्ठ पदाधिकारियों को बता सकते है। उनकी शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाएगा। कार्यक्रम को विधायक पंकज उपाध्याय, पूर्व विधायक सत्यपाल सिंह सिकरवार, ननि सभापति राधारमण डण्डौतिया ने भी संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र में वोट चोरी देश की जनता के साथ धोखा है। सत्याग्रह के बाद मौके पर पहुंचें एसडीएम भूपेन्द्र सिंह कुशवाह को कांग्रेस की ओर से ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता हरीश पाठक ने किया। आभार प्रदर्शन शहर जिलाध्यक्ष द्वारा किया गया।

सत्याग्रह कार्यक्रम में इनकी रही मौजूदगी

पूर्व जिलाध्यक्ष भगवान सिंह तोमर, दीपक शर्मा, सत्यपाल कुशवाह, मंजू सिकरवार, नजमा बेगम, जितेन्द्र डंगस, राजेन्द्र यादव, उदयराज सिंह जादौन, दलवीर सिंह तोमर, रघुनंदन कुशवाह, रामहेत पिप्पल, सोनू जौनवार, उमाचरण कटारे, अब्दुल रज्जाक पटेल, उदयवीर सिकरवार, जगदीश बंसल राजकुमार सिकरवार, रामू टुंडेलकर आदि उपस्थित थे।

जनादेश नहीं भाजपा ने वोट चोरी से बनाई सरकार

नवभारत न्यूज

मुरैना, 3 सितंबर । कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष मधुराज सिंह तोमर ने कहा है कि केन्द्र और प्रदेशों में भाजपा को जनता ने अपना जनादेश नहीं दिया है, भाजपा ने ईवीएम मशीनों की मदद से वोट चोरी कर सरकारें बनाई है। कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष श्री तोमर बुधवार को गांधी बाल निकेतन में पत्रकारों से रूबरू थे। उनके साथ कांग्रेस के जिला सह प्रभारी राहुल शर्मा, विधायक पंकज उपाध्याय, पूर्व जिलाध्यक्ष भगवान सिंह तोमर, ननि सभापति राधारमण डंडौतिया आदि उपस्थित थे। प्रेसवार्ता में ग्रामीण जिलाध्यक्ष मधुराज तोमर ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा की वोट चोरी को जनता के सामने उजागर कर दिया है। उन्होंने कहा कि मुरैना जिले में वोट चोरी का खुलासा करने के लिए उनके द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपकर 8 बिंदुओं पर जानकारी मांगी गई है। संगठन सृजन अभियान को लेकर उन्होंने कहा कि 30 दिन में पंचायत, वार्ड कमेटियां गठित कर ली जाएगीं और जिला कार्यकारिणी के साथ ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा कर दी जाएगी। जिलाध्यक्षों की नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं में नाराजगी को लेकर कांग्रेस के सह प्रभारी राहुल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस एक परिवार है। आपस में चर्चा कर परिवार के सदस्यों की नाराजगी को दूर किया जाएगा।

ज्ञापन में इन बिंदुओं को लेकर की गई मांग

➡जनवरी-2025 को जारी मतदाता सूची में प्रारूप-6 के अनुसार जोड़े गए वोटरों की बूथवार सूची उपलब्ध कराई जाए।
➡जनवरी-2025 को जारी मतदाता सूची में प्रारूप-7 अनुसार हटाए गए नामों की बूथ एवं विधानसभावार सूची उपलब्ध कराएं।
➡जनवरी-2025 को जारी मतदाता सूची अनुसार स्थानांतरित एवं परलोक सिधार चुके वोटरों की बूथवार सूची उपलब्ध कराई जाए।
➡ एक ही मकान और पते पर 10 से अधिक वोटरों के निवास करने की सूची उपलब्ध कराई जाए।

बैंडबाजों के साथ गणेश प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

नवभारत न्यूज

मुरैना, 3 सितंबर । गणेश चतुर्थी से विराजमान हुए भगवान श्री गणेश की प्रतिमाएं डोल ग्यारस पर बैंड-बाजे व सुमधुर भजनों के साथ सरोवर में विसर्जित हुई। इधर रामपुरकलां कस्बे में डोल ग्यारस को जल झूलनी एकादशी के रूप में मनाया गया। इस मौके

7 सितंबर से शुरू होंगे श्राद्धपक्ष

पर गाजे-बाजे के साथ श्रद्धालुओं ने भगवान कृष्ण को डोले में बैठाकर नगर भ्रमण कराया।

यहां बता दें कि मुरैना शहर सहित जिलेभर में 400 से अधिक जगहों पर गणेश पांडाल सजाई गई थीं। गणेश चतुर्थी से शुरू हुआ सात दिवसीय महोत्सव डोल ग्यारस यानि बुधवार को संपन्न हो गया। पांडालों में विराजमान गणेश प्रतिमाओं की भक्तों ने सुबह ही आरती उतारी और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में सवार कर बैंडबाजों के साथ गुलाल-अबीर उड़ाते हुए गणपति

बप्पा मोरिया के जयकारों के साथ जुलूस निकाले और शहर के नजदीक स्थित क्वारी और आसन नदियों में प्रवाहित की।

मंदिर-पांडालों में हुए भंडारे, अन्नकूट प्रसादी बांटी : सात दिवसीय गणेश महोत्सव के समापन पर शहर में जगह.जगह हवन-पूजन हुए और अन्नकूट प्रसादी बांटी गई। इस दौरान लंबी-लंबी कतारों में श्रद्धालुओं ने प्रसादी गृहण की और भजन कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता की। मुरैना शहर में मुख्य बाजार के अलावा गणेशपुरा, गोपालपुरा, महावीरपुरा, उत्तमपुरा, न्यू हाऊसिंग बोर्ड, पुरानी हाउसिंग बोर्ड सहित पोरसा, अंबाह, जौरा, कैलारस, सबलगढ़, रामपुरकलां, पहाड़गढ़ और बानमोर कस्बे में भी गणेश महोत्सव का पूरी श्रद्धाभाव के साथ समापन हुआ।

7 सितंबर से श्राद्धपक्ष शुरू 15 दिन नहीं होंगे शुभ कार्य : श्रीगणेश महोत्सव के समापन के साथ ही सात सितंबर से श्राद्धपक्ष शुरू होंगे। पूर्णिमा से शुरू होने वाले श्राद्धपक्ष 21 सितंबर तक चलेंगे। इस दौरान लोग अपने पितरों की तृप्ति के लिए जल अर्पित करेंगे। वहीं इन 15 दिनों में कोई भी शुभ कार्य नहीं होगा।

जहरीला पदार्थ निगलने से महिला की मौत, मर्ग कायम

नवभारत न्यूज

मुरैना, 3 सितंबर । कैलारस थाना क्षेत्र के ग्राम सबजीत का पुरा में रहने वाले ज्ञानेश धाकड़ की पत्नी श्रीमती गिरिजा धाकड़ (37) ने मंगलवार की रात को जहरीला पदार्थ निगल लिया था। परिजन उसे कैलारस स्वास्थ्य केन्द्र ले गए। जहां से मुरैना रैफर कर दिया गया। यहां जिला अस्पताल में उपचार के दौरान महिला

गिरिजादेवी की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद मर्ग कायम कर लिया है।

हिट एंड रन केस : चाची के बाद भतीजे की भी हुई मौत

नवभारत न्यूज

मुरैना, 3 सितंबर । शहर में गणेशपुरा की पुलिया पर 29 अगस्त की देर शाम करीब 10 बजे बेकाबू क्रेटा कार की टक्कर से घायल हुई महिला की इलाज के दौरान सोमवार को मौत हो गई थी, तो वहीं हादसे में जख्मी हुए मृतिका के भतीजे की मंगलवार की रात को ग्वालियर में इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं पुलिस ने हादसे को अंजाम देने वाली क्रेटा कार को जब्त कर लिया है।

बताना होगा कि 29 अगस्त की देर शाम 10 बजे बाइक पर अपने घर जा रहे कृष्णा श्रीवास 20 पुत्र सुभाष श्रीवास और उसकी चाची

कोतवाली पुलिस ने जब्त की हादसे को अंजाम देने वाली क्रेटा कार

सगुना देवी 38 पत्नी स्वण् मुकेश श्रीवास को पीछे से तेज रफ्तार में आ रही क्रेटा कार ने टक्कर मार दी थी। हादसे के दौरान कार का चालक कृष्णा श्रीवास को तकरीबन 300 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया था। जिसके बाद कार को लेकर ड्राईवर भाग निकला था।

घायल चाची सगुनादेवी और भतीजे कृष्णा को गंभीर हालत में जेएएच ग्वालियर रैफर किया गया था। जहां इलाज के दौरान 1 सितंबर को सगुना देवी की मौत हो गई थी। कृष्णा का उपचार चल रहा था। 2 सितंबर की रात को अस्पताल में भर्ती कृष्णा ने भी दम तोड़ दिया। हादसे को लेकर कोतवाली पुलिस ने हिट एंड रन की धाराओं में केस दर्ज किया था। बुधवार को पुलिस ने हादसे को अंजाम देने वाली क्रेटा कार को जब्त कर लिया है।

तीन अवैध रायफलों के साथ 2 गिरफ्तार, कार जब्त

नवभारत न्यूज

मुरैना, 3 सितंबर । क्राईम ब्रांच एवं अंबाह थानों की पुलिस टीम ने बुधवार को जौरा क्षेत्र में उरहेरा के पास से दो बदमाशों को

क्राईम ब्रांच एवं अंबाह पुलिस की संयुक्त कार्रवाई, जौरा क्षेत्र से किया गिरफ्तार

गिरफ्तार किया। इन बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने तीन रायफलों के साथ एक कार जब्त की है। कार्रवाई के दौरान बदमाशों के तीन साथी मौका पाकर भागने में सफल रहे। जिनकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार क्राईम ब्रांच प्रभारी निरीक्षक ओपी रावत, अंबाह थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह कुशवाह ने मुखबिर से मिली सूचना पर जौरा थाना प्रभारी उदयभान सिंह यादव की टीम के साथ मिलकर जौरा क्षेत्र में उरहेरा के पास दविश दी। पुलिस टीम को देखकर वहां मौजूद तीन बदमाश भाग निकले। जबकि दो बदमाशों को पुलिस ने दबोच लिया। इन बदमाशों के पास से पुलिस ने तीन कंपनी मेड रायफल और दो जिंदा राउण्ड के साथ एक कार क्रं. एमपी07-जेएस-5659 को जब्त किया।

कार्रवाई करने वाली टीम में यह रहे शामिल

पंकज यादव, चेतन सिंह, उदयवीर सिंह, प्रवेंद्र तोमर, सत्यम उपाध्याय, मुकेश कुमार, गिरजेश भार्गव, अभिषेक जादौन, कुलदीप दोहरे, दुष्यंत शर्मा, संजीव अटल, रामकिशन, मंगल सिंह, प्रशांत शर्मा, योगेंद्र कुमार, वीरेंद्र सिंह, लखनप्रताप, जितेंद्र जाट, जितेंद्र तोमर आदि कार्रवाई करने वाली टीम में शामिल थे।

पकड़े गए बदमाशों ने अपने नाम पंपोला गोस्वामी नि. समाधि एवं करूआ उर्फ करू गुर्जर निवासी राजाखेड़ा राजस्थान बताए है। आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने आर्म्स एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

209 विस्थापित दुकानदारों ने किया नपा दफ्तर का घेराव

नवभारत न्यूज

मुरैना/कैलारस, 3 सितंबर । अतिक्रमण की कार्रवाई के तहत वर्ष 2012 में कस्बा कैलारस में विस्थापित किए गए 209 दुकानदारों ने बुधवार को नगर परिषद दफ्तर का घेराव कर प्रदर्शन किया। घेराव, नारेबाजी और प्रदर्शन के बाद उनके द्वारा राज्यपाल के नाम ज्ञापन भी दिया गया। इस ज्ञापन में विस्थापित दुकानदारों को दुकानों का आवंटन नि:शुल्क न किए जाने पर आंदोलन की

चेतावनी दी गई है।

नगर परिषद दफ्तर के घेराव और प्रदर्शन का नेतृत्व नपा के पूर्व अध्यक्ष अशोक तिवारी ने किया। ज्ञापन में कहा गया है कि दुकानों को तोड़ने से विस्थापित हुए दुकानदारों ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में नगर परिषद के विरुद्ध याचिका दायर की

नि :शुल्क दुकानें आवंटित न किए जाने पर दी आंदोलन की चेतावनी

थी। जिनमें न्यायालयों ने दुकानदारों के पक्ष में फैसला सुनाया था। जिसे लेकर परिषद ने दुकानों का निर्माण कर आवंटित किए जाने का आश्वासन दिया था। लेकिन अब नगर परिषद अपने संकल्प को पूरा करने के बजाय उक्त कार्यवाही को बदलने की फिराक में है। विस्थापित दुकानदारों ने कहा है कि अगर उन्हें दुकानों का आवंटन नि:शुल्क नहीं किया गया तो वे आंदोलन करेंगे। प्रदर्शन एवं ज्ञापन सौंपने वालों में राजेश गुप्ता, संतोषीलाल, बल्लू मामा, दुर्गेश गौड़, अनवर खान, इब्राहिम शाह, रमेश गौड़, मुरारीलाल गौड़, सुनील बंसल, विपिन पांडेय आदि शामिल थे।

सेवानिवृत होकर आए नायब सूबेदार का हुआ अभिनंदन

नवभारत न्यूज

मुरैना/कैलारस, 3 सितंबर । जिले की जौरा तहसील के गांव पर्वतपुरा बरेंड निवासी नायब सूबेदार जसवीर सिंह के

यू-ट्यूबर कॉमेडियन बाबू गप्पी ने गुदगुदाया

सेवानिवृत्त होकर लौटने पर उनका नागरिक अभिनंदन किया गया। इस मौके पर यू-ट्यूबर कॉमेडियन बाबू गप्पी, इंदौर

पुलिस में कार्यरत जयवीर सिंह सिकरवार, अंकित तिवारी, रिंकू पाराशर, प्रवीन सिंह, देवकांत त्यागी, रवि, शशिदेव त्यागी, दीपक स्वामी, हरिओम शुक्ला, तन्नू सिकरवार, रणसिंह सिकरवार, योगेश त्यागी आगरा, संजय त्यागी आदि क्रिएटर ने अपनी गुदगुदी व मस्तीभरे अंदाज से लोगों को खूब गुदगुदाया।

जमीन के विवाद को लेकर लाठी-डंडों से पीटा,4 जख्मी

कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत तुलसी कॉलोनी में हुई घटना

नवभारत न्यूज

मुरैना, 3 सितंबर । एक बीघा जमीन को बेचने को लेकर हुए विवाद में छोटे भाई के पुत्रों ने अपने ताऊ सहित उसके पुत्र और परिवार की महिलाओं के साथ मारपीट कर डाली। हमले में तीन महिलाओं सहित 4 लोग जख्मी हुए है।

जानकारी के अनुसार शहर की तुलसी कॉलोनी में रहने वाले रमेशचंद्र (75) का सवितापुरा स्थित एक बीघा जमीन को लेकर

उसके छोटे भाई से विवाद चला आ रहा था। इसी विवाद को लेकर बुधवार को छोटे भाई के पुत्र बंटी, अजय, रतन सिंह ने लालू सिकरवार के साथ मिलकर लाठी, डंडों से रमेशंचद्र सहित उनकी पत्नी बैजंती देवी (70), पुत्रवधु सोमवती देवी 28 पत्नी रिंकू और लालोदेवी 25 पत्नी मनोज की मारपीट कर डाली। जिससे वे चारों जख्मी हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया था।

पार्षद समेत वार्डवासियों सड़क पर गंदे पानी में बैठकर प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

मुरैना, 3 सितंबर । नगर निगम के वार्ड-40 की विभिन्न गलियों में सीवेज और जलभराव की समस्याओं को लेकर बुधवार को बसपा की महिला पार्षद ने वार्ड

वार्ड 40 की महिला पार्षद ने कहा ननि दफ्तर का करेंगे घेराव, प्रदर्शन

वासियों के साथ सड़क पर भरे गंदे पानी में बैठकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष दीपेन्द्र बौद्ध भी शामिल हुए।

वार्ड पार्षद श्रीमती रामायणी रामलखन सिंह कंषाना का कहना था कि वार्ड-40 के अंतर्गत आमपुरा रोड का नाला रजिस्टार आफिस व वीआईपी रोड पर स्थित दोनों मुहानों पर लंबे समय से चौक पड़ा हुआ है। जिसकी वजह से नालियों के गंदे पानी की निकासी नहीं हो पा रही है और गंदा पानी सड़कों पर जमा हो रहा है। उधर सीवर लाईन के चौक होने से भी हालात खराब हो गए है। लगातार गंदे पानी के जमाव के कारण आमपुरा क्षेत्र में संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। समस्याओं को लेकर पार्षद द्वारा कई बार नगर निगम के अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है। लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है। प्रदर्शन कर रहे पार्षद एवं वार्डवासियों का कहना था कि अगर नगर निगम अधिकारियों ने उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया तो वे नगर निगम दफ्तर का घेराव कर आंदोलन करेंगे।

नपा जौरा में रिक्त पदों को भरने पीआईसी की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

मुरैना/जौरा 3 सितंबर । नगरपालिका जौरा में रिक्त पदों को सीधी भर्ती व शासन की गाइड लाइन के अनुसार भरने के लिए बुधवार को पीआईसी (पार्षद इन कौंसिल) की बैठक अध्यक्ष अखिल माहेश्वरी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में एक मात्र बिंदु रखा गया, जिसे सर्वसम्मति से कौंसिल ने स्वीकृत किया।

नगरपालिका अध्यक्ष अखिल माहेश्वरी ने बैठक में बताया कि मप्र शासन द्वारा निकाय में सीधी भर्ती के लिए रिक्त पदों की पूर्ति हेतु आवश्यक जानकारी मांगी गई थी। बैठक के एजेंडे में शामिल एकमात्र बिंदु पर अध्यक्ष

अखिल माहेश्वरी ने पीआईसी सदस्यों एवं सीएमओ से चर्चा के बाद सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर शासन को भेजने का निर्णय लिया गया। ताकि भविष्य में रिक्त पदों पर सीधी भर्ती एवं पदों की पूर्ति के लिए शासन निर्णय ले सके। बैठक में शिवदयाल गौड़, दामोदर जाटव, कालिंद्री सुभाष शर्मा, रंजन रविंद्र त्यागी, संगीता अनिल सोनी, कदम सिंह कुशवाह, बीरबल जाटव, सीएमओ वीरेंद्र सिंह रावत भी मौजूद रहे।

जिले में अब तक 872.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज

मुरैना, 3 सितंबर । जिले में 01 जून से 03 सितम्बर, 2025 तक 872 .3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है, जो गत वर्ष की तुलना में 278 .2 मिलीमीटर वर्षा अधिक है। पिछले वर्ष इसी अवधि में 594 .1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 03 सितम्बर को 13 .2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख मुरैना ने बताया कि जिले में 01 जून से 03 सितम्बर तक सर्वाधिक वर्षा मुरैना तहसील में 1132 मिलीमीटर दर्ज की गई है। जौरा में 958, सबलगढ़ में 916, पोरसा में 869, कैलारस में 772 और अंबाह तहसील में सबसे कम वर्षा 586 .8 मिलीमीटर दर्ज की गई है। 3 सितम्बर को सर्वाधिक 30 मिलीमीटर वर्षा पोरसा में दर्ज की गई है। मुरैना में 15, अम्बाह-कैलारस में 12-12, जौरा में 10 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जबकि सबलगढ़ में वर्षा निरंक पायी गई है।

राजस्व प्रकरणों को शीघ्रता से निराकृत किया जाए

नवभारत न्यूज

मुरैना, 3 सितंबर । राजस्व से संबंधित प्रकरणों का शीघ्रता से निराकरण सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को अनावश्यक रूप से जनसुनवाई में अपनी समस्याएं लेकर न आना पड़े।

वीडियो कॉन्फ्रेंस में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

कलेक्टर ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक में राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में जौरा एसडीएम शुभम शर्मा एवं भू-अभिलेख की प्रभारी अधिकारी सुश्री मेघा तिवारी

कलेक्ट्रेट स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में उपस्थित रहे, जबकि अन्य एसडीएम एवं तहसीलदारगण गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल रूप से सम्मिलित हुए। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देशित किया कि राजस्व अधिकारी फॉर्मर रजिस्ट्री के कार्यों में गति लाई जाए। उन्होंने लंबित राजस्व वसूली प्रकरणों का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए।